# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-82 | सागवाड़ा, शनिवार,20 नवम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, हादसे में एक दोस्त की मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के सेरावाडा गांव में एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार एक दोस्त की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस के अनुसार आमझरा निवासी कांतिलाल अहारी व परेश अहारी बाइक से गामडी देवल से अपने घर लौट रहे थे इस दौरान थाना क्षेत्र के सेरावाडा गाँव के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसमे दोनों दोस्त गंभीर घायल हो गए। घायलों को गुजरात के शामलाजी ले जाया गया जहा पर डॉक्टर्स ने परेश अहारी को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सुचना पर पुलिस जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची और घटना की जानकारी ली। इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तीन कृषि कानून वापस लिए, कांग्रेस पार्टी किसान विजय दिवस मनाया

**डूंगरपुर।** केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून वापस लिए जाने की घोषणा के बाद प्रदेश में कांग्रेस पार्टी किसान विजय दिवस मना रही है। इसी के तहत डूंगरपुर जिले में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आज कांग्रेस कार्यालय में किसान विजय दिवस को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र सरकार की और से कृषि कानून वापस लेने को राहुल गांधी और किसानों की जीत बताते हुए कहा कि राहुल गांधी किसानों के सच्चे हमदर्द बनकर उभरे है। पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियकांत पण्ड्या ने कहा कि उपचुनाव में मुह की खाने के बाद bjp को 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बड़ी हार का डर सता रहा था और इसी कारण केंद्र सरकार ने बैकफूट पर आकर पहले पेट्रोल डीजल के दाम कर किये और अब 700 किसानों के शहीद होने के बाद कृषि कानून वापस लिए है। वही कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष रतनलाल पाटीदार व ब्लाक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष भरत नागदा ने कहा कि किसानों के परिवार 700 किसानों की शहादत को भूल नही सकते और अब इसके परिणाम 5 राज्यो में होने वाले चुनावों में हार के रूप में सामने आएंगे।

### गहलोत कैबिनेट के सभी मंत्रियों के इस्तीफे

# नए मंत्री लेंगे शपथ

## सभी विधायकों को कल दोपहर दो बजे पार्टी ऑफिस में बुलाया गया

**जयपुर।** आखिरकार तीन साल बाद गहलोत सरकार के नए चेहरों पर मुहर लग गई है और कल शाम चार बजे नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। शनिवार रात को सीएमआर में सीएम अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी मंत्रियों से इस्तीफे ले लिए गए और इसके बाद आगे का फैसला कांग्रेस हाईकमान पर छोड़ दिया गया। कल दोपहर 2 बजे इस्तीफा देने वाले मंत्रियों को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय बुलाया गया है और वहां पर नए मंत्रियों का स्वागत किया जाएगा। नए मंत्रियों के नामों की घोषणा भी वहीं से होने की संभावना है। रात को सीएम गहलोत ने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की और उन्हें नए मंत्रियों के नामों की सूची सौंपी। मंत्रिपरिषद की बैठक खत्म होने के बाद परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस बात की पुष्टि की और कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव रखा कि



मंत्रिपरिषद के सदस्य सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा सौंप रहे हैं। हाईकमान का जो भी निर्देश होगा उसके अनुसार नए मंत्रियों के नामों का फैसला होगा। बैठक में प्रभारी अजय माकन भी मौजूद रहे।

सभी विधायकों और इस्तीफा देने वाले मंत्रियों को रविवार को दोपहर 2 बजे कांग्रेस कार्यालय में बुलाया गया है। खाचरियावास ने कहा कि अब सीएम गहलोत को अधिकार होगा कि वह किस को मंत्री बनाए और किसको नहीं बनाए लेकिन इसकी सहमति हाईकमान से ही मिलेगी। वहीं राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने राजभवन में मंत्रिमंडल गठन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने शपथ के लिए आरएएस अधिकारियों की डयूटी भी लगा दी गई है। राजभवन में करीब 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

### पायलट कैंप से 4 से 5 मंत्री बनने की संभावना

सचिन पायलट कैंप से 4 से 5 मंत्री बनने की संभावना है। पायलट कैंप से मुरारीलाल मीणा, दीपेंद्र सिंह शेखावत, बृजेंद्र सिंह ओला, हेमाराम चौधरी, रमेश मीणा में से मंत्री बनने की संभावना है।

### 13 जिलों से कोई मंत्री नहीं, इन जिलों से भी मंत्री बनेंगे

गहलोत सरकार में 13 जिलों से फिलहाल कोई मंत्री नहीं है। उदयपुर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सिरोही, धौलपुर, टोंक, सवाई माधोपुर और करौली जिलों से अभी एक भी मंत्री नहीं है। इन जिलों से मंत्रिमंडल में जगह दी जानी है।

## राजस्थान में 24 घंटे में 11 नये कोरोना के मरीज



**जयपुर।** राजस्थान में लगातार कोरोना के केस मिल रहे है। आज भी पूरे राज्य में 11 नये पॉजिटिव केस मिले है, जिसमें सबसे ज्यादा अजमेर में 4 केस आए है। वहीं जयपुर, अलवर और नागौर में कोरोना के नये मरीज मिले है। राज्य में आज 11 मरीज मिलने के बाद एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 103 हो गई। कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी शहरों में रेण्डम टेस्टिंग बढ़ाने के आदेश दिए है। प्रदेश में पिछले 10 दिन की रिपोर्ट देखे तो राज्य में कुल 117 मरीज अब तक मिल चुके है। इसमें सबसे ज्यादा केस राजधानी जयपुर में 66 आए है। वहीं जयपुर में पिछले दिनों एक ढाई साल के बच्चे की मौत भी हुई थी। जयपुर के अलावा अजमेर में 26 केस मिले है।

इनके अलावा अलवर में 7, बाड़मेर, नागौर में 5-5, वहीं बारां, जोधपुर, कोटा, पाली में एक-एक केस मिले है। प्रदेश की स्थिति देखे तो अब तक राज्य में कुल 9 लाख 54,588 केस मिल चुके है, जबकि 9 लाख 45,530 मरीज रिकवर हो चुके है। वहीं 8,955 मरीजों की इस बीमारी से जान जा चुकी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान ने पिछले 15 दिनों से बढ़ते केसों को देखते हुए सभी सीएमएचओ और हॉस्पिटल प्रशासन को रेण्डम टेस्टिंग बढ़ाने के आदेश दिए है। मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया समेत अन्य बीमारी से ग्रसित ऐसे मरीज जिन्हे हॉस्पिटल में एडमिट किया जा रहा है, उन सभी मरीजों की कोरोना की जांच करवाने के लिए कहा है। हॉस्पिटल में एडमिट होने के अलावा स्कूल, बाजार, मॉल, धार्मिक स्थलों पर सप्ताह में एक बार रेण्डम सैंपलिंग के लिए टीम भेजने और वहां ज्यादा से ज्यादा लोगों के सैंपल लेकर उनकी टेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा डोर टू डोर सर्वे में जिन लोगों के 8 से 10 दिन पहले बुखार होने की शिकायत मिली हो उनके भी सैंपल लेने के कहा है।

## खून से खत लिखकर की छात्रसंघ चुनाव की मांग

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में पिछले छह दिनों से धरने पर बैठे छात्र नेता लोकेंद्र रायथलिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने खून से पत्र लिखा और छात्रसंघ चुनाव करवाए जाने और छात्रा शिक्षा को निशुल्क करवाए जाने की मांग की। छात्रसंघ चुनाव संघर्ष समिति के बैनर तले विश्वविद्यालय परिसर में सर्द रात में यह धरना चल रहा है। रायथलिया ने कहा कि जो मुख्यमंत्री खुद को छात्र हितैषी बता रहे हैं उनकी ओर से कोई प्रतिनिधि अब तक सर्द रात में धरने पर बैठे छात्रों से मिलने नहीं आया और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। छात्र संघ चुनाव न करवाकर हजारों छात्र नेताओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है साथ ही सरकार ने उन्हें सैकड़ों छात्राओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया है जिनसे उन्होंने निशुल्क शिक्षा का चुनावी वादा किया था। लोकेंद्र ने कहा कि संघर्ष समिति के बैनर तले लगातार छात्र नेताओं मिल रहे समर्थन से इस प्रदर्शन को और भी मजबूती से लड़ा जाएगा और मांगें पूरी नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। इतना ही नहीं यदि सरकार ने सुनवाई नहीं की तो छात्र अपना आंदोलन उग्र करेंगे।

## स्वच्छता में बढ़ा मान, छोटे शहरों में डूंगरपुर देशभर में अव्वल

### डूंगरपुर निकाय 25 से 50 हजार आबादी वाली केटेगरी में देश में नम्बर वन रही है और इसके लिए डूंगरपुर को क्लीनेस्ट सिटी अवार्ड मिला




**डूंगरपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 का परिणाम जारी हो गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण की रेंकिंग में प्रदेश की डूंगरपुर निकाय ने प्रदेश का मान बढाया है। जारी परिणाम में डूंगरपुर निकाय 25 से 50 हजार आबादी वाली केटेगरी में देश में नम्बर वन रही है और इसके लिए डूंगरपुर को क्लीनेस्ट सिटी अवार्ड मिला है। वही इसके अलावा स्वच्छता में थ्री स्टार रेटिंग का भी डूंगरपुर निकाय को खिताब से नवाजा गया है। इधरस्वच्छता सर्वेक्षण की रेंकिंग में डूंगरपुर निकाय एक लाख से कम आबादी वाले देश की टॉप सिटी में 5 वे स्थान पर रही है और ओल ओवर रेंकिंग में देश में 18 रेंकिंग डूंगरपुर निकाय को मिली है।

इधर स्वच्छता सर्वेक्षण के जारी परिणाम को लेकर दिल्ली के विज्ञान भवन में शहरी मंत्रालय की ओर से राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डूंगरपुर नगरपरिषद के सभापति अमृत कलासुआ, आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित, उपसभापति सुदर्शन जैन, सहायक अभियंता विकास लेघा और कनिष्ठ अभियंता लोकेश पाटीदार ने भाग लिया।

इस दौरान शहरी मंत्रालय की ओर से डूंगरपुर निकाय को 25 से 50 हजार आबादी वाली केटेगरी में देश में नम्बर वन रहने पर क्लीनेस्ट सिटी अवार्ड और स्वच्छता में थ्री स्टार रेटिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

## देवदिवाली पर नेमा समाज की रथयात्रा



**सागवाड़ा।** देवदिवाली पर शुक्रवार शाम नेमासमाज के तत्वावधान में सनातन धर्मावलंबियों की रथयात्रा निकली। शुक्लवाडा स्थित रुपचतुर्भूज मंदिर से दो मंजिला बडे काष्ठ रथ में रजत पालके में फुलों से सुसज्जित भगवान की प्रतिमा रखी थी। रथ को रजतछत्र,फुलमाला तथा लाईटों से सजाया था। अध्यक्ष संजय गुप्ता के मार्गदर्शन में मंदिर में भजन कीर्तन व आरती के बाद गाजे बाजे तथा आतिशबाजी के साथ रथयात्रा गमरेश्वर मंदिर पहूंची। मार्ग में जगह जगह श्रृद्धालुओं ने चावल पोंककर रथ की अगवानी की तथा फुल,श्रीफल व कंदमूल चढा दर्शन किए। आरती के बाद रथयात्रा चारभुजानाथ मंदिर पहुंची। देर तक भजन कीर्तन व आरती हुई। इस दौरान संतोष संचावत, विष्णु दोसी, नाजुक शाह,कमल दोसी, दिलीप कोठारी, दामोदर दलाल,भंवरलाल शर्मा, मानव दलाल,मुकेश कोठारी, चाहत दोसी, नीलेश शाह,महेश वरोटिया, भाविक कोठारी, गोकुल दोसी,विनोद कोठारी, मौजूद थे। देर शाम रथ को भंडार कर दिया।

## जीप की टक्कर से झरियाना के युवक की इलाज के दौरान मौत

**सागवाड़ा।** जीप की टक्कर से शुक्रवार शाम एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दो घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र सिंह सोलंकी के अनुसार साबला तहसील के झरियाणा निवासी रमेश पुत्र शंकरलाल रावत ने दी रिपोर्ट में बताया कि झरियाणा निवासी नरेश पुत्र वासु पाटीदार शुक्रवार शाम करीब पांच बजे सागवाड़ा से नीलेश की मोटर साइकिल पर बैठ कर झरियाणा जा रहे थे। पाडवा बस स्टैंड के समीप बुनकर बस्ती के पास पाडवा निवासी गणेश पुत्र देवी लाल ननोमा की मोटर साइकिल के पीछे एक अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था। दोनों मोटरसाइकिल रोक कर अपने साइड खड़े रहकर बातचीत कर रहे थे। आसपुर की ओर से एक जीप का चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाता हुआ या तथा दोनों मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में झरियाना निवासी निलेश पुत्र वासु पाटीदार की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## आर्मी कोई नौकरी नहीं है ये तो जीवन जीने की शैली है-ले.जनरल सुशील गुप्ता

**जयपुर।** राजस्थान फोरम की मासिक डेजर्ट सोल श्रंखला के तहत शनिवार को लेफ्टीनेंट जनरल सुशील गुप्ता शहर के प्रबुद्ध लोगों से रूबरू हुए। सुशील गुप्ता को उनकी सेवाओं के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और युद्ध सेवा मेडल से नवाजा जा चुका है। इस मौके पर राजस्थान फोरम की सदस्या डॉ.सालेहा गाजी से हुई बातचीत में सुशील गुप्ता ने अपनी देश सेवा के सफर के साथ भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा सुनाई तो वहां मौजूद लोगों की रगों में जोश और देशभक्ति का जुनून जाग्रत हो गया। सुशील कुमार ने कहा कि आर्मी कोई नौकरी नहीं है ये तो जीवन जीने की शैली है, आर्मी में सेवा ही धर्म है। यहां इबादत करने के लिए सभी का एक ही स्थान होता है जिसे सर्व धर्म स्थल कहा जाता है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में उनसे पहले सेना में कोई नहीं था। उन्हें 1962 के युद्ध से सेना में जाने की प्रेरणा मिली। सुशील ने कहा कि राजस्थान में बहादुरी की विरासत सदियों से है। दूसरे विश्व युद्ध में सबसे ज्यादा सैनिक राजस्थान से ही थे।

## प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर कल होगा विशेष अभियान शिविर

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने 21 नवंबर को प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर लगाए जाने वाले विशेष शिविर में पात्र व्यक्तियों से अधिकाधिक संख्या में नाम जुड़वाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूरे करने वाले मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप प्रकाशन की तिथि 1 नवम्बर, 2021 से 30 नवम्बर, 2021 के मध्य कोई भी पात्र व्यक्ति जो 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या करेंगे वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि मतदाता सूची की विद्यमान प्रविष्टि के क्रम में किसी प्रकार का आक्षेप हो तो उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत मतदाता द्वारा फॉर्म-7 में आक्षेप प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची में पूर्व से पंजीकृत मतदाता यदि अपनी प्रविष्टि में किसी प्रकार का संशोधन करवाने चाहते हैं तो फॉर्म-8 में आवेदन कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आवेदन वोटर हेल्पलाईन ऐप द्वारा ऑनलाइन किए जा सकते है या आवेदन पत्र बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

## किसानों की जीत पर किसान विजय दिवस कार्यक्रम का किया

**डूँगरपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीमलवाड़ा द्वारा आज दिनांक 20 नवम्बर को मांडली चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी के साथ किसान विजय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महामंत्री मुस्ताक अहमद पठान चौरासी विधानसभा प्रत्याशी मंजुला रोत, पूर्व प्रधान एडवोकेट निमिषा भगोरा, जिला महामंत्री हबीब भाई फुमती, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व सीमलवाड़ा पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, पूर्व जिला परिषद सदस्य भवानी सिंह डामोर,चौरासी युवा कांग्रेस नेता रूपचन्द भगोरा,सरपंच संजय कलासुआ, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष अमृतलाल कलाल, संगठन महामंत्री सुरेश भोई, अब्दुल रज्जाक भाई, पूर्व सरपंच शंकर भाई रोत, इमरान पटेल, प्रवीण डामोर, विभीषण भगोरा, युवा नेता शाहिद बंगा, लालशंकर भगोरा, जीव रामजी, देवजी भाई, दुलेश्वर जी, कन्हैया लाल मंडली ,जीवा भाई भगोरा,अनिल सिंह करावाड़ा, प्रवीण डामोर,,ठाकुर साहब करावड़ा ,रायमल डामोर ,उदयलाल बंजारा, नानजी काका, रतनलाल अहारी अमर सिंह ,नाना भाई, पंकज सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ कृषि कानून बिल को लाया गया था जिसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही किसान मजदूर दीन हीन गरीब के साथ रहकर मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ हमेशा ही आवाज उठाई है इसी में मुख्य बात हमारे देश के किसानों के लिए थी जो कानून केंद्र सरकार ने पारित किए थे वह गरीब किसानों के गला घोटने वाले थे और नुकसान रहे थे इन को लेकर लंबे समय से लड़ाई 700 से अधिक किसानों ने अपना जीवन बलिदान किया और उसी बलिदान के अनुरूप आज मोदी सरकार को विपक्ष के सामने और किसानों के सामने नतमस्तक होते हुए किसान कानूनों को वापस लेकर किसानों से माफी माफी मांगने का काम किया है इसी दिवस को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे हिंदुस्तान में किसान विजय दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है साथी ब्लॉक सीमलवाड़ा द्वारा हुए हमारे देश के नेता सोनिया गांधी राहुल गांधी, अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा एवं कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत एवं तटस्थ एवं मजबूत विपक्ष की भूमिका के साथ आज किसानों को जो उपलब्धि हांसिल हुई है उसके लिए तमाम कार्यकर्ताओं एवं किसान वर्ग द्वारा हमारे देशके नेता एवं हमारी पार्टी के तमाम पदाधिकारियों को खुशी के साथ बधाई प्रेषित की।